E-mail

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स किसान भवन भोपाल

क्रमांक/स्थापना/अ-4/मांगे/551/ 206 भोपाल दिनांक 21/05/2026

//आदेश//

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आदेश क्रमांक/बोर्ड/स्था0/1/98/3640-3641 दिनांक 29.07.1998 द्वारा म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संचालक मण्डल की 64 वीं बैठक दिनांक 13.07.1998 के प्रस्ताव क्रमांक-04 में लिये गये निर्णय के अनुसार ''राज्य मण्डी बोर्ड सेवा विनियम-1998'' दिनांक 13.07.1998 से प्रभावशील किया गया।

मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम-1972 में किये गये संशोधन के फलस्वरूप प्रतिस्थापित धारा-26 के प्रावधान अनुसार, नई सेवा- **''राज्य मण्डी बोर्ड सेवा''** का गठन किया गया। इस सेवा में पूर्व की राज्य विपणन सेवा के समस्त संवर्गो, बोर्ड सेवा के सदस्यों एवं मंडी समिति सेवा के नाकेदारों (सहायक उप निरीक्षक) को भी शामिल किया गया है।

मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम-1972 की धारा-26(2) सहपठित धारा-81 (क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संचालक मण्डल की 145 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 28.03.2026 के प्रस्ताव क्रमांक-04 में पारित निर्णय के अनुपालन में सहायक उप निरीक्षक संवर्ग का पदनाम परिवर्तित करते हुए **"उप निरीक्षक"** किया जाता है।

Digitally signed by
Kumar Purushottam
Date: 19-05-2026
13:15:42

(कुमार पुरूषोत्तम)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक/स्थापना/अ-4/मांगे/551/ 207 भोपाल दिनांक 21/05/2026

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी किसान कल्याण तथा कृषि विकास सह-अध्यक्ष मंडी बोर्ड भोपाल।
2. निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।
3. अपर संचालक/अधीक्षण यंत्री/संयुक्त/उप संचालक/कार्यपालन यंत्री मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।
4. संयुक्त/उप संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय भोपाल/इन्दौर/उज्जैन/जबलपुर/ग्वालियर/सागर/रीवा।
5. कार्यपालन यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तकनीकी कार्यालय भोपाल/भोपाल क्र.-2/इन्दौर/उज्जैन/जबलपुर/ग्वालियर/सागर/रीवा/होशंगाबाद(नर्मदापुरम)/खरगौन/मंदसौर/सिवनी मुरैना।
6. सूचना पटल/आदेश नस्ती/बोर्ड बैठक शाखा/पटल प्रभारी (समस्त) मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल